**Regarding railways-related issues in Palghar Parliamentary Constituency**

**डॉ. हेमंत विष्णु सवरा (पालघर) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से पालघर और सफाई रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग करता हूं । वर्ष 2018 के बाद मेरी कंस्टीट्यूएंसी पालघर में किसी भी ट्रेन का ठहराव नहीं दिया गया है । पश्चिम रेलवे ने भी पश्चिम रेलवे बोर्ड को भेजे गए पत्र में पालघर स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की व्यवहार्यता को स्वीकार किया है । जो चार ट्रेनें हैं, उनमें कच्छ एक्सप्रेस, दादर-बीकानेर एक्सप्रेस, बांद्रा-सूरत इंटरसिटी एक्सप्रेस, बांद्रा-गाजीपुर एक्सप्रेस का ठहराव नहीं मिला है ।

दूसरा, जो लोकशक्ति एक्सप्रेस का ठहराव कोरोना में बंद कर दिया गया था, उसको सफाया स्टेशन पर फिर से शुरू किया जाए । एलसी-42 को सफाया में बंद कर दिया गया है, जिसकी वजह से सौ गाँवों को परेशानी हो रही है । इसलिए, उसको तुरंत शुरू किया जाए और उसका कोई सॉल्यूशन निकाला जाए, ऐसा मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं ।